# <u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

आज दिनाँक 17.11.2022 (गुरुवार) को भौतिक विज्ञान विभाग, बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय (के0के0वी0), लखनऊ द्वारा स्नातकोत्तर कक्षाओं (एम0एस–सी0 भौतिकी) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विभाग के अवकाश प्राप्त शिक्षक डॉ० एस०सी० मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभाग के अध्यक्ष प्रो0 अरविन्द कुमार तिवारी ने उपस्थित अतिथियों एवं सभी नवागन्तुक विद्यार्थियों का स्वागत किया। विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो० संजय मिश्र ने सभी संकाय सदस्यों का विद्यार्थियों से परिचय कराया तथा विद्यार्थियों के अध्ययन में विभाग के सतत् सहयोग का विश्वास व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० रमेश धर द्विवेदी जी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भौतिक विज्ञान का चयन ही आपकी विशिष्टता को प्रदर्शित करता है। प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को हर सम्भव सहयोग का आश्वासन प्रदान किया गया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभाग के अवकाश प्राप्त शिक्षक डॉ० एस०सी० मिश्र जी ने कहा कि यह महाविद्यालय अपने शिक्षण कार्य के लिए ही प्रख्यात रहा है। डॉ० मिश्र ने विद्यार्थियों को समय–समय पर मार्गदर्शन प्रदान करने का संकल्प भी व्यक्त किया। प्रो० राम कुमार जी विभागीय प्रजेन्टेशन के माध्यम से विभाग की प्रगति से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर प्रो० राजीव दीक्षित, प्रो० दीपक कुमार श्रीवास्तव, प्रो० जय प्रताप सिंह, प्रो० गोविन्द कृष्ण मिश्र, डॉ० मनीष कुमार, डॉ० निधि अवस्थी, डॉ० शिवानी, श्री आनन्द माथुर, श्री सत्यव्रत पाण्डेय आदि उपस्थित रहें। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० उपकार कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

